Adda247 GET IT ON Google Play

## Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 13/02/2025 |
| Exam Time | 3:00 PM - 4:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से 'ZBUP', 'WZSO' से संबंधित है। उसी तरीके से 'VSEX', 'SQCW' से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 'GMTC' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✗ 1. BJSC
- ✓ 2. DKRB
- ✗ 3. CHSA
- ✗ 4. CIUB

**Q.2** यदि शब्द CRADLES के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**
- ✗ 1. तीन
- ✗ 2. एक
- ✗ 3. एक का भी नहीं
- ✓ 4. दो

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

70,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

Previous Year Papers

500% Refund


IBPS

NABARD


ATTEMPT FREE MOCK NOW


Adda247
GET IT ON Google Play


Q.3 एक कागज़ को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर काटा जाता है। खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?




Ans


1. 

2. 

3. 


4. 


Q.4 उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





(X)

Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.5 एक निश्चित कूट भाषा में,

'E + M' का अर्थ है कि 'E, M की बहन है',
'E $ M' का अर्थ है कि 'E, M की माता है',
'E @ M' का अर्थ है कि 'E, M का भाई है' और
'E * M' का अर्थ है कि 'E, M का पिता है'।

यदि 'T @ V * I @ O' है, तो उपरोक्त के आधार पर, T का O से क्या संबंध है?


Ans
✗ 1. माता की माता
✓ 2. पिता के भाई
✗ 3. पिता
✗ 4. माता की बहन


Q.6 आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति 1 में - M, A, R और K बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में - P, O, S और T बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है।
T, M के ठीक दाएं बैठे व्यक्ति के सम्मुख है। T और P के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। O और P के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, K के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति के सम्मुख है। R, A के दाएं किसी स्थान पर बैठा है।
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, पंक्तियों के अंतिम छोरों पर बैठे दोनों व्यक्तियों को निरूपित करता है?


Ans
✗ 1. K और P
✗ 2. P और K
✗ 3. R और S
✓ 4. A और O


Q.7 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंधों को सबसे उचित ढंग से निरूपित करने वाले वेन आरेख का चयन कीजिए।

रेलगाड़ी, हवाई जहाज, स्कूटर

Ans
✗ 1.


✓ 2.


✗ 3.


✗ 4.


**Q.8** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'CAMS' को '8137' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'MACK' को '1238' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 1
- ✗ 2. 3
- ✓ 3. 2
- ✗ 4. 8

**Q.9** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'DAMS' को '7803' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'MASK' को '0386' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 3
- ✗ 2. 0
- ✗ 3. 8
- ✓ 4. 6

**Q.10** यदि '×' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

$88 \div 7 \times 4 - 21 + 3 = ?$

**Ans**
- ✗ 1. 68
- ✗ 2. 66
- ✗ 3. 65
- ✓ 4. 67

**Q.11** दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

109 119 130 142 155 ?

**Ans**
- ✗ 1. 168
- ✗ 2. 161
- ✗ 3. 160
- ✓ 4. 169

**Q.12** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ लकड़ी, कुर्सियाँ हैं।
सभी कुर्सियाँ, मेज हैं।
कोई मेज, बिस्तर नहीं है।


निष्कर्ष:
(I): कुछ लकड़ी, मेज हैं।
(II): सभी कुर्सियाँ, बिस्तर हैं।

**Ans**
- ✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✓ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 4. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।


Adda247


Adda247
GET IT ON Google Play


Q.13 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।





Ans

✗ 1.




✗ 2.



✓ 3.



✗ 4.



Adda247

Q.14 एक पासे के फलकों पर अक्षर G, S, M, A, I और P अंकित हैं। दी गई आकृतियों में एक ही पासे की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा फलक, फलक I के विपरीत है?




Ans

✗ 1. G

✗ 2. P

✓ 3. M

✗ 4. S

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.15 KIFG अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से HFCD से संबंधित है। AYVW ठीक उसी प्रकार XVST से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, CAXY दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. ZYTB
2. ZXTV
3. ZXUV
4. ZWTV

Q.16 उस अक्षर-संयोजन का चयन कीजिए, जिसे रिक्त स्थानों में उसी क्रम में भरने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।

_GDIF_HMJO_QNSP_ RWT_

Ans
1. BJLVY
2. CKMUZ
3. BKLUY
4. CJMVZ

Q.17 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. HUJ
2. UIW
3. LZN
4. KYM

Q.18 अँग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

BTD YQA VNX ? PHR

Ans
1. SKU
2. SKV
3. RKU
4. RJV

Q.19 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

823 822 820 817 813 ?

Ans
1. 809
2. 810
3. 808
4. 807

Q.20 G, H, I, J, M, N और O, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। N, I के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। M के बाएं से गिनने पर I और M के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। O के दाएं से गिनने पर J और O के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। H, J का निकटतम पड़ोसी है। G के दाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. I
2. H
3. N
4. O

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.1 प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) 2.0 के तहत 'ईडब्ल्यूएस परिवारों (EWS households)' के लिए वार्षिक आय का पात्रता मानदंड कितना है?

Ans
✗ 1. ₹6 लाख से ₹9 लाख तक
✗ 2. ₹6 लाख तक
✗ 3. ₹7 लाख से ₹9 लाख तक
✓ 4. ₹3 लाख तक

Q.2 प्रथम पंचवर्षीय योजना किस मॉडल पर आधारित थी?

Ans
✗ 1. महालनोबिस मॉडल
✓ 2. हैरोड-डोमर मॉडल
✗ 3. कीनेसियन मॉडल
✗ 4. गाँधीवादी मॉडल

Q.3 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में नामांकित व्यक्तियों को कितने दिनों का कार्य (रोजगार) मिलता है?

Ans
✓ 1. 100 दिन
✗ 2. 130 दिन
✗ 3. 125 दिन
✗ 4. 150 दिन

Q.4 बेगम अख्तर को कौन-सी उपाधि दी गई थी?

Ans
✗ 1. ख्यालों की रानी
✓ 2. ग़ज़लों की रानी
✗ 3. ठुमरी की रानी
✗ 4. कव्वालियों की रानी

Q.5 1930 के दशक के दौरान, लॉर्ड ज़ेटलैंड (Lord Zetland) ने भारत के संवैधानिक सुधारों से संबंधित निम्नलिखित में से किस घटना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

Ans
✗ 1. कैबिनेट मिशन योजना
✓ 2. गोलमेज सम्मेलन
✗ 3. भारत छोड़ो आंदोलन
✗ 4. साइमन कमीशन

Q.6 भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खर्ब किस राज्य से संबंधित हैं?

Ans
✗ 1. राजस्थान
✓ 2. हरियाणा
✗ 3. महाराष्ट्र
✗ 4. उत्तर प्रदेश

Q.7 सर्दियों में भारत के उत्तरी मैदानों में तापमान जल के हिमांक से अधिक नहीं गिरता, क्योंकि __________।

Ans
✗ 1. ठंडी सर्दियों के मौसम में पश्चिमी विक्षोभ उत्पन्न होता है
✓ 2. हिमालय शीत साइबेरियाई पवनों को भारत में प्रवेश करने से रोकता है
✗ 3. यह जम्मू और कश्मीर से बहुत दूर है
✗ 4. यहाँ समुद्र का मध्यम प्रभाव पड़ता है

Adda247

Q.8 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का निर्देश देता है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 48
✗ 2. अनुच्छेद 46
✓ 3. अनुच्छेद 44
✗ 4. अनुच्छेद 42

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा, ई-कॉमर्स का लाभ है?

Ans
✗ 1. ग्राहक सेवाओं में कमी
✗ 2. उत्पादों का सीमित विकल्प
✓ 3. विस्तृत बाजार पहुँच
✗ 4. उच्च परिचालन लागत

Q.10 राजश्री शिर्के को किस नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
✗ 1. ओडिसी
✗ 2. कुचिपुड़ी
✓ 3. कथक
✗ 4. मणिपुरी

Q.11 संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष __________ को 'अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष (International Year of Millets)' घोषित किया।

Ans
✗ 1. 2015
✗ 2. 2019
✗ 3. 2021
✓ 4. 2023

Q.12 हर्यंक राजवंश (Haryanka Dynasty) के किस शासक ने इसके आसपास के कई महत्वपूर्ण और शक्तिशाली राज्यों जैसे कोसल, काशी और वज्जि पर कब्ज़ा कर लिया था?

Ans
✗ 1. शिशुनाग
✗ 2. नागदर्शक
✗ 3. उदयभद्र
✓ 4. अजातशत्रु

Q.13 आधारीकाय (Basal bodies) और तारक केंद्र (centrioles) लगभग एक जैसी सूक्ष्म संरचना को दर्शाते है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उन्हें एक दूसरे से अलग करता है?

Ans
✗ 1. तारक केंद्र में झिल्ली होती है लेकिन आधारीकाय में झिल्ली नहीं होती हैं।
✗ 2. आधारीकाय प्रोटीन संरचनाएं हैं जबकि तारक केंद्र बिल्कुल भी प्रोटीनयुक्त नहीं है।
✗ 3. तारक केंद्र प्रोटीन संश्लेषण में भाग लेते हैं जबकि आधारीकाय इसमें शामिल नहीं होते हैं।
✓ 4. तारक केंद्र में दूरस्थ उपांग होते हैं लेकिन आधारीकाय में ऐसे उपांग नहीं होते हैं।

Q.14 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 165 निम्नलिखित में से किसकी नियुक्ति से संबंधित है?

Ans
✗ 1. मुख्यमंत्री
✗ 2. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
✗ 3. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश
✓ 4. राज्य के महाधिवक्ता

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.15 भारत के तमिलनाडु राज्य में सूर्य देव को समर्पित फसल उत्सव के रूप में कौन-सा त्यौहार मनाया जाता है?

Ans
1. वैसाखी
2. माघ बिहू
3. पोंगल
4. मकर संक्रांति

Q.16 किस रूसी रसायनज्ञ की आवर्त सारणी 1872 में एक जर्मन पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

Ans
1. लोथर मेयर (Lothar Meyer)
2. हेनरी मोसले (Henry Moseley)
3. दिमित्री मेंडेलीव (Dmitri Mendeleev)
4. जोहान वोल्फगैंग डोबेरिनर (Johann Wolfgang Dobereiner)

Q.17 1961 में अर्जुन पुरस्कार के पहले संस्करण में कितने लोगों को अर्जुन पुरस्कार मिला था?

Ans
1. 22
2. 20
3. 25
4. 18

Q.18 टी. बालासरस्वती, जो एक नृत्यांगना एवं अभिनेत्री थीं, कौन-सा भारतीय शास्त्रीय नृत्य किया करती थीं?

Ans
1. मणिपुरी
2. कथक
3. भरतनाट्यम
4. ओडिसी

Q.19 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस धार्मिक समुदाय का अनुपात भारतीय जनसंख्या में सबसे कम है?

Ans
1. जैनियों
2. बौद्धों
3. सिखों
4. ईसाइयों

Q.20 सितंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, भारत सरकार में संसदीय कार्य मंत्री के रूप में कौन कार्यरत है?

Ans
1. किरेन रिजिजू (Kiren Rijiju)
2. अर्जुन राम (Arjun Ram)
3. तेनजिन ग्याल्त्सेन (Tenzin Gyaltsen)
4. एल मुरुगन (L Murugan)

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 एक कुर्सी का अंकित मूल्य ₹19,200 था। दुकानदार इस पर 20% की छूट दे रहा था, लेकिन आगे मोलभाव करने पर वह क्रमिक छूट देने के लिए सहमत हो गया और अंततः कुर्सी ₹13,824 में बेच दी। दुकानदार द्वारा दी गई दूसरी छूट कितनी थी?

Ans
1. 5%
2. 15%
3. 20%
4. 10%

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.2** A, B, C और D अलग-अलग तौर पर कार्य करते हुए किसी कार्य को क्रमशः 5 दिन, 6 दिन, 8 दिन और 10 दिन में पूरा कर सकते हैं। A और B मिलकर कार्य कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं, यदि C से शुरू करते हुए C और D एकांतर दिनों में उनकी सहायता करते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. $4\frac{5}{27}$ दिनों में
- ✗ 2. $1\frac{7}{68}$ दिनों में
- ✗ 3. $3\frac{4}{25}$ दिनों में
- ✓ 4. $2\frac{5}{59}$ दिनों में

**Q.3** यदि 10% वार्षिक ब्याज दर से तीन वर्षों के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर ₹155 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 4425
- ✓ 2. 5000
- ✗ 3. 5420
- ✗ 4. 6200

**Q.4** ₹1220 प्रति सैकड़ा की दर से 400 आम खरीदे गए और ₹820 के लाभ पर बेचे गए। प्रति दर्जन आमों का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 161
- ✓ 2. 171
- ✗ 3. 181
- ✗ 4. 186

**Q.5** 410 m और 390 m लंबाई वाली दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमशः 80 km/h और 100 km/h की चाल से गतिमान हैं। पीछे से आ रही तेज चाल वाली रेलगाड़ी द्वारा दूसरी रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

**Ans**
- ✗ 1. 1.2
- ✗ 2. 3.4
- ✗ 3. 2.6
- ✓ 4. 2.4

**Q.6** ईंधन की कीमत क्रमागत तीन महीनों में 10%, 50% और 50% कम की गई है, लेकिन चौथे महीने में 45% वृद्धि की गई है। चौथे महीने में ईंधन की कीमत में उसकी मूल कीमत की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई है?

**Ans**
- ✗ 1. 68.74% की वृद्धि
- ✗ 2. 67.02% की कमी
- ✗ 3. 73.86% की वृद्धि
- ✓ 4. 67.38% की कमी

**Q.7** जब 12, 15, 18, 20 और 25 से सबसे छोटी संख्या x को भाग दिया जाता है, तो प्रत्येक स्थिति में शेषफल 5 होता है लेकिन x, 7 से विभाज्य है। x का मान कितना है?

**Ans**
- ✓ 1. 3605
- ✗ 2. 3065
- ✗ 3. 3506
- ✗ 4. 3560

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.8 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(23 \times 12) \times \left\{6 \div 2 \times \frac{(18-12)}{2}\right\}\right]$$

Ans
- ✗ 1. 2487
- ✓ 2. 2484
- ✗ 3. 2489
- ✗ 4. 2465

Q.9 यदि x का 2% = 252 है, तो x ____ के बराबर है।

Ans
- ✗ 1. 25200
- ✓ 2. 12600
- ✗ 3. 25300
- ✗ 4. 12700

Q.10 16, 21, 364 और 156 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 4322
- ✓ 2. 4368
- ✗ 3. 4455
- ✗ 4. 4425

Q.11 एक परिवार के तीन बच्चों X, Y और Z की औसत पॉकेट मनी एक विशेष महीने में ₹2,500 है। उस महीने के दौरान X जितना खर्च करता है, Y उसका दोगुना और Z उसका तीन गुना खर्च करता है। यदि उनके बचे हुए धन का औसत ₹2,100 हो, तो X कितना (₹ में) खर्च करता है?

Ans
- ✓ 1. 200
- ✗ 2. 600
- ✗ 3. 300
- ✗ 4. 400

Q.12 एक व्यक्ति 24 km/hr की चाल से हैदराबाद से चेन्नई जाता है तथा उसी मार्ग से 40 km/hr की चाल से हैदराबाद वापस आता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 31
- ✗ 2. 27
- ✗ 3. 35
- ✓ 4. 30

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 9, 16, 13 और 23 में से प्रत्येक में जोड़ी जानी चाहिए ताकि परिणामी संख्याएं समानुपात में हों?

Ans
- ✗ 1. $\frac{1}{2}$
- ✓ 2. $\frac{1}{3}$
- ✗ 3. $\frac{2}{3}$
- ✗ 4. $\frac{2}{5}$

Q.14 एक वस्तु को ₹5,000 में खरीदा गया और ₹6,200 में बेचा गया । लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 24%
- ✗ 2. 22%
- ✗ 3. 20%
- ✗ 4. 18%

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.15 54 व्यक्ति एक कार्य को 48 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 8 दिनों के कार्य के बाद, 36 और व्यक्ति उनके साथ जुड़ गए। अब शेष कार्य को पूरा करने में उन्हें कितने दिन लगेंगे?

Ans
- ✗ 1. 28
- ✗ 2. 20
- ✗ 3. 32
- ✓ 4. 24

Q.16 मूल्यांकन कीजिए : 16 + 9 ÷ 3 - 2 × 4

Ans
- ✓ 1. 11
- ✗ 2. 13
- ✗ 3. 10
- ✗ 4. 14

Q.17 सिद्धांत ने HDFC में 4% वार्षिक ब्याज दर पर कुछ धनराशि का निवेश किया। यदि 2 वर्षों के बाद, सिद्धांत को वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹255 प्राप्त होता है, तो संगत साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
- ✓ 1. 250
- ✗ 2. 260
- ✗ 3. 265
- ✗ 4. 245

Q.18 निवेदिता 6 kg कॉफी पाउडर ₹2,730 प्रति kg की दर से खरीदती है और 12 kg कॉफी पाउडर ₹1,002 प्रति kg की दर से खरीदती है। उसके लिए 18 kg कॉफी पाउडर के मिश्रण की प्रति kg कीमत (₹ में) कितनी है?

Ans
- ✓ 1. 1,578
- ✗ 2. 1,563
- ✗ 3. 1,612
- ✗ 4. 1,538

Q.19 यदि एक बेलनाकार टैंक की त्रिज्या 7 m है और इसकी ऊंचाई 9 m है, तो टैंक की क्षमता ($m^3$ में) ज्ञात कीजिए। (π = 22/7 का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ 1. 1376
- ✗ 2. 1396
- ✗ 3. 1366
- ✓ 4. 1386

Q.20 किसी मूलधन पर 2% की वार्षिक दर से 8 वर्ष की अवधि के लिए साधारण ब्याज ₹888 है। मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 5550
- ✗ 2. 5546
- ✗ 3. 5540
- ✗ 4. 5544

Section : **Part-D-English**

Q.1 **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The firing process used in terracotta production typically requires lower temperatures _________ to other ceramics and building materials like concrete or metals.**

Ans
- ✗ 1. attempted
- ✓ 2. compared
- ✗ 3. harmony
- ✗ 4. equated

Adda247

| Q.2 | Select the most appropriate phrase that can substitute the underlined segment in the given sentence without altering the sentence's meaning.<br>The artist's latest exhibition was <u>a stark departure</u> from her previous work, characterised by its bold use of colour and abstract forms. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. a gentle evolution<br>✗ 2. a subtle continuation<br>✓ 3. a drastic shift<br>✗ 4. a minor change |

| Q.3 | The following sentence has been divided into parts. Select the part that contains a grammatical error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.<br><br>Isaac Newton, a name that may still be seen / today, cut into the wood of a window-sill at / the king's school, where he study Grammar and Latin. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. Isaac Newton, a name that may still be seen<br>✗ 2. No error.<br>✓ 3. the King's school, where he study Grammar and Latin.<br>✗ 4. today, cut into the wood of a window-sill at |

| Q.4 | Select the most appropriate meaning of the underlined idiom.<br><br>The contractor realised that he could not get the contract unless he <u>greases the palms</u> of the officials. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. To bear the brunt<br>✓ 2. To bribe<br>✗ 3. To deprive one of one's power<br>✗ 4. To come to a stop |

| Q.5 | Select the most appropriate synonym of the underlined word.<br>The orchestra's <u>melodious</u> performance enchanted the audience. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. Discordant<br>✗ 2. Dissonant<br>✓ 3. Harmonious<br>✗ 4. Cacophonous |

| Q.6 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br>As the hikers ventured ________________ into the dense forest, the sounds of civilisation faded away. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. father<br>✗ 2. feather<br>✓ 3. farther<br>✗ 4. further |

| Q.7 | Select the most appropriate ANTONYM of the given word.<br><br>Callous |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. Insensitive<br>✗ 2. Apathetic<br>✓ 3. Merciful<br>✗ 4. Careless |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.8** Select the option that rectifies the spelling error in the given sentence.
The serene osterity of the compound had a unique charm.

**Ans**
- ✔ 1. Austerity
- ✘ 2. Aughsterity
- ✘ 3. Ousterity
- ✘ 4. Asterity

**Q.9** Select the INCORRECTLY spelt word from the given sentence.

Her arguement was well-reasoned, but it contained a few misspellings.

**Ans**
- ✘ 1. well-reasoned
- ✘ 2. misspellings
- ✔ 3. arguement
- ✘ 4. contained

**Q.10** Select the most appropriate meaning of the given word.

Elated

**Ans**
- ✘ 1. Indifferent or uninterested
- ✘ 2. Deeply worried and anxious
- ✔ 3. Extremely happy and excited
- ✘ 4. Feeling tired and drained

**Q.11** Select the most appropriate option to fill in the blank.

Ladakh is shifting towards self-sufficiency in _____ food and crop market.

**Ans**
- ✘ 1. these
- ✘ 2. this
- ✘ 3. an
- ✔ 4. the

**Q.12** Select the word that best completes the given sentence. Determine the collocation through the sentence.

Vismi had an ________________ fantastic time at the Hyderabad Book Fair.

**Ans**
- ✘ 1. exactly
- ✘ 2. elegantly
- ✘ 3. warmly
- ✔ 4. absolutely

**Q.13** Select the most appropriate option to substitute the underlined phrase in the given sentence.

Mani decided to <u>take a rain check</u> on the dinner invitation.

**Ans**
- ✘ 1. make the final decision
- ✔ 2. delay the decision
- ✘ 3. to invite someone
- ✘ 4. accept the offer

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.14** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Laconic**

**Ans**
1. Succinct ✗
2. Concise ✗
3. Verbose ✓
4. Terse ✗

**Q.15** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**The language of the foreign delegate was full extraordinary;/ only a few could understand his speech/ last evening.**

**Ans**
1. last evening. ✗
2. only a few could understand his speech ✗
3. The language of the foreign delegate was full extraordinary; ✓
4. No error. ✗

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Reducing the hours worked and optimising shift rostering could (1) ________ alleviate stress, burnout and work family (2) ________ for healthcare workers. All this is likely to improve staff retention. Any reduction (3) ________ staff turnaround would save on direct costs associated (4) ________ hiring new staff. The cost to replace a highly specialised healthcare professional can reach up to 200% of their annual salary. Also, (5) ________ shorter shifts may increase the uptake of shift times that are usually hard to fill. Measures like shorter shifts could also appeal to part time workers or those who have retired.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans**
1. heal ✗
2. help ✓
3. host ✗
4. hive ✗

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Reducing the hours worked and optimising shift rostering could (1) ______ alleviate stress, burnout and work family (2) ______ for healthcare workers. All this is likely to improve staff retention. Any reduction (3) ______ staff turnaround would save on direct costs associated (4) ______ hiring new staff. The cost to replace a highly specialised healthcare professional can reach up to 200% of their annual salary. Also, (5) ______ shorter shifts may increase the uptake of shift times that are usually hard to fill. Measures like shorter shifts could also appeal to part time workers or those who have retired.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans**

✗ 1. inflict

✗ 2. addict

✓ 3. conflict

✗ 4. evict

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Reducing the hours worked and optimising shift rostering could (1) ______ alleviate stress, burnout and work family (2) ______ for healthcare workers. All this is likely to improve staff retention. Any reduction (3) ______ staff turnaround would save on direct costs associated (4) ______ hiring new staff. The cost to replace a highly specialised healthcare professional can reach up to 200% of their annual salary. Also, (5) ______ shorter shifts may increase the uptake of shift times that are usually hard to fill. Measures like shorter shifts could also appeal to part time workers or those who have retired.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans**

✗ 1. about

✗ 2. off

✗ 3. at

✓ 4. in

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Reducing the hours worked and optimising shift rostering could (1) alleviate stress, burnout and work family (2) for healthcare workers. All this is likely to improve staff retention. Any reduction (3) staff turnaround would save on direct costs associated (4) hiring new staff. The cost to replace a highly specialised healthcare professional can reach up to 200% of their annual salary. Also, (5) shorter shifts may increase the uptake of shift times that are usually hard to fill. Measures like shorter shifts could also appeal to part time workers or those who have retired.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans**

✔ 1. with

✘ 2. behind

✘ 3. about

✘ 4. on

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Reducing the hours worked and optimising shift rostering could (1) alleviate stress, burnout and work family (2) for healthcare workers. All this is likely to improve staff retention. Any reduction (3) staff turnaround would save on direct costs associated (4) hiring new staff. The cost to replace a highly specialised healthcare professional can reach up to 200% of their annual salary. Also, (5) shorter shifts may increase the uptake of shift times that are usually hard to fill. Measures like shorter shifts could also appeal to part time workers or those who have retired.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans**

✘ 1. rectifying

✘ 2. simplifying

✘ 3. complimenting

✔ 4. implementing

Adda247

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **निम्नलिखित वाक्यांश को एक सार्थक शब्द से प्रतिस्थापित कीजिए-**
**‘जो सदा से चला आ रहा हो’**

**Ans**

✘ 1. जिगीषा

✔ 2. चिरंतन

✘ 3. टिकाऊ

✘ 4. कालांतर

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.2 इनमें से किस वाक्य में त्रुटि नहीं है?
Ans
✗ 1. उसके पास केवल दस रुपये मात्र हैं।
✗ 2. इस समय मेरा जीवन बीस वर्ष है।
✓ 3. इस समय मेरी अवस्था बीस वर्ष है।
✗ 4. माली एक फूलों की माला लाया।

Q.3 जिसका आचरण अच्छा न हो' वाक्य हेतु सार्थक शब्द है-
Ans
✗ 1. परोपकारी
✗ 2. भ्रष्टाचारी
✗ 3. परिश्रमी
✓ 4. दुराचारी

Q.4 निम्न में से 'अप्सरा' का पर्याय नहीं है-
Ans
✗ 1. देवांगना
✗ 2. सुरसुंदरी
✗ 3. देवबाला
✓ 4. वामा

Q.5 'हमें मुश्किल वक्त में _______ नहीं खोना चाहिए'| रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए तद्भव शब्द होगा -
Ans
✓ 1. धीरज
✗ 2. सत्य
✗ 3. कार्य
✗ 4. धैर्य

Q.6 निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है?

कारगिल युद्ध में सेना विरता के साथ लड़ी।
Ans
✗ 1. कारगिल
✗ 2. युद्ध
✓ 3. विरता
✗ 4. लड़ी

Q.7 निम्नलिखित में से किस वाक्य में लिंग सम्बन्धी अशुद्धि है?
Ans
✗ 1. तुम्हारे माँ-बाप क्या काम करते हैं?
✓ 2. यह साहित्य पढ़ना, बहुत अच्छी है|
✗ 3. दिन का समय सोकर नहीं बिताना चाहिए |
✗ 4. प्रार्थना-पत्र यहाँ रखा है|

Q.8 जमुना शब्द में कौन सी संज्ञा है?
Ans
✗ 1. समूहवाचक
✗ 2. भाववाचक
✓ 3. व्यक्तिवाचक
✗ 4. जातिवाचक

Q.9 'जो भूमि उपजाऊ हो' -- वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन करें-
Ans
✗ 1. सर्वरा
✗ 2. ऊसर
✗ 3. धूसर
✓ 4. उर्वरा

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.10 निम्नलिखित वाक्य में चिन्हित शब्द के स्थान पर उचित पर्यायवाची शब्द का चुनाव करें।
परिश्रम करके संकलपूर्ति प्राप्त करो।

Ans
1. फतह
2. सफलता
3. जीत
4. विजय

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज नहीं है?

Ans
1. किताब
2. बेगम
3. हमला
4. केला

Q.12 'एक म्यान में चार तलवार होना|' मुहावरे में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा -

Ans
1. तीन
2. दो
3. पांच
4. चार

Q.13 'सुजय महिमा से द्वेष करने लगा|' इस वाक्य में प्रयुक्त 'द्वेष' शब्द का विलोम निम्न में से कौनसा शब्द है?

Ans
1. ईर्ष्या
2. प्रीति
3. घृणा
4. विरोध

Q.14 रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित विकल्प चुनिए।
जब सर्दी लगे तब रज़ाई ओढ़ लेना।

Ans
1. कंबल
2. चादर
3. परदा
4. तौलिया

Q.15 निम्नलिखित विकल्पों में से 'कड़ा' शब्द के लिए किस एक वाक्य में उचित विलोम का प्रयोग हुआ है?

Ans
1. अंजली नृत्य में कुशल है|
2. प्रशासन ने आज बहुत कठोर कदम उठाया है|
3. नीलिमा का स्वभाव मुलायम है|
4. अभिषेक तैर सकता है|

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 1 से 5 तक इसी अनुच्छेद से करें।

साहित्य और कला मानव अभिव्यक्तियाँ है। इनका मानव-विकास के इतिहास में अमूल्य _______(1) है। डॉ. हरद्वारी लाल शर्मा ने लिखा है कि -"हमारी अनुभूति का सारा अन्तः प्रदेश मुखर या शब्दार्थमय नहीं होता। जितना भाग शब्दार्थ के _______(2) से 'शरीरी' होता है, उतना _______(3) बन जाता हैं किन्तु इसका एक बड़ा भाग अनुभूतिगम्य होते हुए भी 'अर्थ' (Meaning) की ________(4) को नही पहुँचता, उसके लिये हमारे पास 'शब्द' की कमी रह जाती है। यह अन्तः प्रदेश का वह भाग है जो ध्वनि, गति, रंग रखा, आदि के माध्यम से व्यक्त होता है। इन्हीं अभिव्यक्तियों का नाम _________(5) है।"

SubQuestion No : 16

Q.16 रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनें।(1)

Ans
1. योगदान
2. अवदान
3. सलाह
4. श्रमदान

Adda247

GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 1 से 5 तक इसी अनुच्छेद से करें।

साहित्य और कला मानव अभिव्यक्तियाँ है। इनका मानव-विकास के इतिहास में अमूल्य _______(1) है। डॉ. हरद्वारी लाल शर्मा ने लिखा है कि -"हमारी अनुभूति का सारा अन्तः प्रदेश मुखर या शब्दार्थमय नहीं होता। जितना भाग शब्दार्थ के _______(2) से 'शरीरी' होता है, उतना _______(3) बन जाता हैं किन्तु इसका एक बड़ा भाग अनुभूतिगम्य होते हुए भी 'अर्थ' (Meaning) की ________(4) को नही पहुँचता, उसके लिये हमारे पास 'शब्द' की कमी रह जाती है। यह अन्तः प्रदेश का वह भाग है जो ध्वनि, गति, रंग रखा, आदि के माध्यम से व्यक्त होता है। इन्हीं अभिव्यक्तियों का नाम _________(5) है।"

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनें।(2)**

**Ans**

✗ 1. कारण

✗ 2. द्वार

✓ 3. माध्यम

✗ 4. साधन

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 1 से 5 तक इसी अनुच्छेद से करें।

साहित्य और कला मानव अभिव्यक्तियाँ है। इनका मानव-विकास के इतिहास में अमूल्य _______(1) है। डॉ. हरद्वारी लाल शर्मा ने लिखा है कि -"हमारी अनुभूति का सारा अन्तः प्रदेश मुखर या शब्दार्थमय नहीं होता। जितना भाग शब्दार्थ के _______(2) से 'शरीरी' होता है, उतना _______(3) बन जाता हैं किन्तु इसका एक बड़ा भाग अनुभूतिगम्य होते हुए भी 'अर्थ' (Meaning) की ________(4) को नही पहुँचता, उसके लिये हमारे पास 'शब्द' की कमी रह जाती है। यह अन्तः प्रदेश का वह भाग है जो ध्वनि, गति, रंग रखा, आदि के माध्यम से व्यक्त होता है। इन्हीं अभिव्यक्तियों का नाम _________(5) है।"

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनें।(3)**

**Ans**

✗ 1. महत्त्वपूर्ण

✗ 2. संस्करण

✓ 3. साहित्य

✗ 4. निबंध

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 1 से 5 तक इसी अनुच्छेद से करें।

साहित्य और कला मानव अभिव्यक्तियाँ है। इनका मानव-विकास के इतिहास में अमूल्य _______(1) है। डॉ. हरद्वारी लाल शर्मा ने लिखा है कि -"हमारी अनुभूति का सारा अन्तः प्रदेश मुखर या शब्दार्थमय नहीं होता। जितना भाग शब्दार्थ के _______(2) से 'शरीरी' होता है, उतना _______(3) बन जाता हैं किन्तु इसका एक बड़ा भाग अनुभूतिगम्य होते हुए भी 'अर्थ' (Meaning) की ________(4) को नही पहुँचता, उसके लिये हमारे पास 'शब्द' की कमी रह जाती है। यह अन्तः प्रदेश का वह भाग है जो ध्वनि, गति, रंग रखा, आदि के माध्यम से व्यक्त होता है। इन्हीं अभिव्यक्तियों का नाम _________(5) है।"

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनें।(4)**

**Ans**

✗ 1. महत्ता

✗ 2. सहायता

✓ 3. स्पष्टता

✗ 4. स्थिरता

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 1 से 5 तक इसी अनुच्छेद से करें।

साहित्य और कला मानव अभिव्यक्तियाँ है। इनका मानव-विकास के इतिहास में अमूल्य _______(1) है। डॉ. हरद्वारी लाल शर्मा ने लिखा है कि -"हमारी अनुभूति का सारा अन्तः प्रदेश मुखर या शब्दार्थमय नहीं होता। जितना भाग शब्दार्थ के _______(2) से 'शरीरी' होता है, उतना _______(3) बन जाता हैं किन्तु इसका एक बड़ा भाग अनुभूतिगम्य होते हुए भी 'अर्थ' (Meaning) की ________(4) को नही पहुँचता, उसके लिये हमारे पास 'शब्द' की कमी रह जाती है। यह अन्तः प्रदेश का वह भाग है जो ध्वनि, गति, रंग रखा, आदि के माध्यम से व्यक्त होता है। इन्हीं अभिव्यक्तियों का नाम _________(5) है।"

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनें।(5)**

**Ans**

✓ 1. कला

✗ 2. विज्ञान

✗ 3. कविता

✗ 4. दर्शन

Adda247